हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 9 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 नेत्रदान पखवाड़ा में 50 लोगों ने लिया नेत्रदान ...



11 शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 75 शिक्षक ...



व्यावहारिक गतिविधियों से विद्यार्थियों में विकसित हो रही उद्यमिता और आत्मनिर्भरता : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

- पीएम श्री स्कूल तिल्दा के 'स्टूडेंट स्टोर' का मंत्री ने किया अवलोकन
- बच्चों के हुनर और नवाचार की सराहना

शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर मंगलवार को राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने पीएम श्री शासकीय विद्यालय, तिल्दा में विद्यार्थियों द्वारा संचालित 'स्टूडेंट स्टोर' का अवलोकन किया। उन्होंने स्टोर के संचालन की प्रक्रिया को समझने के साथ विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव भी जाने। बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और कार्यकुशलता की मंत्री ने जमकर सराहना की।

साक्षरता दिवस पर जिलेभर में चला विशेष विधिक जागरूकता अभियान



किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर कौशल विकास पर जोर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप पीएम श्री विद्यालयों में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर व्यावहारिक, तकनीकी और जीवनोपयोगी कौशलों से जोड़ने के लिए विभिन्न नवाचार कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को सामने लाना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है।

स्टूडेंट स्टोर के माध्यम से विद्यार्थी व्यवसाय संचालन, वस्तुओं की बिक्री, वित्तीय लेखा-जोखा, अकाउंटिंग और ग्राहक व्यवहार जैसे विभिन्न व्यावहारिक एवं व्यावसायिक कौशल सीख रहे हैं। विद्यार्थियों ने अतिथियों के समक्ष स्टोर की गतिविधियों का आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया। मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि व्यावहारिक गतिविधियां विद्यार्थियों में उद्यमिता, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने स्टूडेंट स्टोर की पहल को 21वीं सदी की शिक्षा व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसे कौशल विकास की अवधारणा का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने इस नवाचार के लिए विद्यालय के प्राचार्य एवं मार्गदर्शन दे रहे व्याख्याता के प्रयासों ▶▶ शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

कैबिनेट आज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 9 सितंबर को मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक होगी। मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे बुलाई गई बैठक में प्रदेश से जुड़े कई नीतिगत और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। बैठक में खरीफ फसलों की बोनी की समीक्षा होगी। कृषि विभाग इस संबंध में अब तक बारिश और बोनी की स्थिति की जानकारी देगा। वहीं इस बार धान के उत्पादन की आंकलन किया जाएगा। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से 73 लाख टन चावल खरीद रही है। उसके आधार पर राज्य सरकार धान खरीदी के लक्ष्य पर चर्चा करेगी। बैठक में अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

अनाचार के आरोपी को 10 साल कैद की सजा

रायपुर। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व महिला के घर में घुसकर उसके साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार, कोर्ट ने हृदय लाल मनहरे को कैद की सजा सुनाई है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति की अनुपस्थिति में आरोपी ने 13 अक्टूबर 2023 को घर में घुसकर तकिया से मुंह दबाकर उसके साथ रेप किया था।

बगैर नंबर प्लेट की गाड़ी छोड़कर भागा चोर



रायपुर। यातायात थाना पचपेड़ी नाका द्वारा चेकिंग के दौरान सोमवार को दोपहर 12 बजे यातायात पुलिस द्वारा एक संदिग्ध बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल को रोका गया। वाहन चालक से आरसी प्रस्तुत करने कहने पर वह दस्तावेज लेकर आता हूं, कहकर चला गया। चालक के संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए यातायात पुलिस टीम द्वारा तत्काल वाहन के चेचिस नंबर के माध्यम से वाहन स्वामी एवं पंजीयन का विवरण निकाला गया। पड़ताल के दौरान मूल वाहन स्वामी से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल 14 अगस्त को चोरी हो गई थी। इस संबंध में तिल्दा-नेवरा में एफआईआर भी दर्ज है।

पता पूछने के बहाने चाकू मारकर लूट, गिरफ्तार

रायपुर। रास्ता पूछने के बहाने युवक को रोककर चाकू से हमला कर मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाशों को तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने हल्दीराम होटल के सेल्समैन के साथ 29 अगस्त को लभांडी, सर्विस रोड के पास लूट की थी। लूट के आरोप में पुलिस ने भुनेश्वर निषाद, राजू सबर तथा दूजाराम साहू उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। भुनेश्वर तथा राजू पूर्व में भी मारपीट के आरोप में जेल जा चुके हैं।

आरोप : विकास के विरोधी नहीं, भेदभाव के खिलाफ लड़ेंगे : शेख सलमान

7 वार्डों की उपेक्षा का आरोप, कांग्रेस पार्षदों ने पालिका परिसर में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अधोसंरचना मद से स्वीकृत विकास कार्यों में सात वार्डों की कथित अनदेखी को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 01, 04, 11, 13, 15, 17 एवं 20 को अपेक्षित विकास कार्य एवं राशि नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सभी 21 वार्डों में समान एवं संतुलित विकास की मांग की। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कांग्रेस पार्षदों से चर्चा की। पार्षदों ने कहा कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि विकास कार्यों के वितरण में कथित राजनीतिक भेदभाव के खिलाफ है। नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद शेख सलमान ने कहा कि विपक्ष में होना विकास का विरोध करना नहीं है। उन्होंने कहा कि परिषद की बैठकों में नगरहित से जुड़े प्रस्तावों का उन्होंने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर समर्थन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसी पार्षद की राजनीतिक विचारधारा का असर उसके वार्ड के विकास पर पड़ता है तो इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। शेख सलमान ने कहा कि सड़क, नाली, प्रकाश, जल निकासी सहित बुनियादी सुविधाओं पर प्रत्येक वार्ड के नागरिकों का समान अधिकार है। उन्होंने मांग की कि अधोसंरचना मद से स्वीकृत कार्यों और वार्डवार राशि का विवरण सार्वजनिक किया जाए तथा कथित रूप से वंचित सात वार्डों के लिए भी समानांतर राशि स्वीकृत की जाए।



प्रदेश स्तर तक मामला ले जाने की चेतावनी : कांग्रेस पार्षदों अंजनी गोविंद पात्रे, श्रद्धा मनीष वर्मा, सुरेश घृतलहरे, डिगेश्वरी रविन्द्र नामदेव, ममता सुभाष राव ने कहा कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को चरणबद्ध रूप से व्यापक किया जाएगा। शेख सलमान ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मामले को प्रदेश स्तर तक ले जाने के साथ भूख हड़ताल भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्षद सभी वार्डों में जाकर अधोसंरचना मद के तहत स्वीकृत कार्यों और राशि की जानकारी जनता के सामने रखेंगे।



आरोप निराधार, सभी वार्डों का विकास प्राथमिकता : अशोक जैन

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कांग्रेस पार्षदों के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर विकास कार्यों के आवंटन में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, /"मुझे जनता ने सीधे चुना है और बलौदाबाजार के सभी नागरिक मेरे अपने हैं। सभी वार्डों का विकास मेरी प्राथमिकता है। मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि शेष वार्डों के लिए भी अधोसंरचना मद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वार्ड क्रमांक 13 में कांग्रेस पार्षद शेखर गुप्ता के वार्ड के लिए 11 लाख रुपए की राशि का मद स्वीकृत हुआ है। अध्यक्ष के इस बयान से कांग्रेस के सात वार्डों की अनदेखी के आरोपों पर नगर पालिका स्तर पर राजनीतिक बहस और तेज हो गई है।

सेवा संकल्प अभियान : स्वास्थ्य मंत्री ने ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- जिले में सभी कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन और जनसहभागिता के दिए निर्देश

जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाउस बलौदाबाजार मे सेवा संकल्प अभियान की तैयारी को लेकर नोडल अधिकारों की बैठक ली। उन्होंने 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले अभियान को अति महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यक्रमो के बेहतर आयोजन और अधिक से अधिक जन सहभागिता के लिए आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए। बैठक मे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय उपस्थित थे। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के जन सेवा, 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक संकल्प, समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, सहयोग और जनकल्याण की भावना पहुंचाना है। अभियान के दौरान सभी कार्यक्रम आयोजन की तिथिवार रूपरेखा तैयार करने, रूट चार्ट, सुरक्षा, जन सहभागिता को विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की बेहतर निर्वाहन करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

जिले में आयोजित होंगे 12 प्रमुख कार्यक्रम: राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह अभियान हमारे लिये अत्यंत गौरवशाली है जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा को जन जन तक पहुंचाने और लोगों मे सामूहिक सेवा की भावना जगाना है। उन्होंने कहा कि जिले मे सभी कार्यक्रम का बेहतर आयोजन हो यह सबकी जिम्मेदारी हैं। सभी के समन्वित कार्य से आयोजन को सफल बनाना हैं। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत आशीर्वाद का दिया, सपनों का भारत, आंगन उत्सव, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान सहित 12 कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ. सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

फर्जी तबादला आदेश मामले में आरएमए करण देवांगन की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

फर्जी तबादला आदेश मामले में जेल में बंद ग्रामीण चिकित्सा सहायक (आरएमए) करण देवांगन को सोमवार को अदालत से राहत नहीं मिली। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बलौदाबाजार के पीठासीन अधिकारी द्विजेंद्र नाथ ठाकुर ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी कामकाज को प्रभावित करने को गंभीर अपराध माना। करण देवांगन रोहांसी स्वास्थ्य केंद्र में आरएमए के पद पर पदस्थ था। आरोप है कि अपनी पोस्टिंग बदलवाने के लिए उसने भाजपा से निष्कासित पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी को एक लाख रुपए दिए थे। इसके बाद कथित तौर पर कृष्णा अवस्थी के पुत्र प्रणव अवस्थी और कंप्यूटर ऑपरेटर परख कश्यप के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के जाली हस्ताक्षर वाला फर्जी तबादला आदेश तैयार कराया गया।



- सरकारी दस्तावेजों की कूटरचना कर कामकाज प्रभावित करना गंभीर अपराध

हरिभूमि लगातार

रोहांसी से मोपर तबादले का था फर्जी आदेश

मामला तब सामने आया जब करण देवांगन ने अपना कथित तबादला आदेश बीएमओ कार्यालय में प्रस्तुत किया। आदेश में उसे रोहांसी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपर स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख था। दस्तावेज पर सीएमएचओ के हस्ताक्षर को लेकर संदेह होने पर विभागीय स्तर पर सत्यापन कराया गया। जांच में आदेश फर्जी पाया गया। इसके बाद पलारी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की। करण की ओर से अधिवक्ता ने अदालत में जमानत के लिए दलीलें पेश कीं, लेकिन अदालत ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया। इसके बाद आरोपी को जेल में ही रहना होगा।

6 आरोपी जेल में

फर्जी तबादला आदेश मामले में अब तक छह आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। इनमें भाजपा से निष्कासित पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पुनीराम पटेल, कृष्णा अवस्थी का पुत्र प्रणव अवस्थी, कंप्यूटर ऑपरेटर परख कश्यप, आरएमए करण देवांगन और आरएमए रवि सेन शामिल हैं।

तीन थानों में चार मामले दर्ज

गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी और उनके पुत्र प्रणव अवस्थी के खिलाफ अलग-अलग मामलों में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। दोनों के खिलाफ तीन थानों में कुल चार मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। इनमें फर्जी तबादला आदेश, फर्जी नियुक्ति पत्र तथा नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेने से जुड़े आरोप शामिल हैं। पुलिस इन मामलों में लेन-देन, दस्तावेजों की कूटरचना और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। मामले में आगे की न्यायिक प्रक्रिया जारी है।

बंगोली-मुरा मार्ग की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंगोली

बंगोली से मुरा मार्ग की जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों की परेशानी शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर डब्ल्यूबीएम डालकर रिपेयरिंग का कार्य कराया गया है। बंगोली से मुरा जाने वाले पीडब्ल्यूडी मार्ग की खराब स्थिति, जगह-जगह बने गड्ढों तथा आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि यह मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग है तथा सड़क खराब होने के कारण स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत ▶▶ शेष पेज 10 पर



खबर का असर

योजनाओं का लाभ छोटे किसानों तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष ने ली उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक
- किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश

छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने संयुक्त जिला कार्यालय सभागार में कृषकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर वि भा गी य योजनाओं की समीक्षा की। अध्यक्ष ने उ द्या नि की विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि छोटे रकबे वाले किसानों को उद्यानिकी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी किसनो को देने हेतु विकासखंड स्तर पर पर्याप्त प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पटेल समाज एवं अन्य उद्यानिकी कृषकों से विस्तृत चर्चा की। उद्यान विकास अधिकारी ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय अनुदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यानिकी कृषक धनेश्वर निषाद ने बताया कि आधा एकड़ में मूली की खेती कर 2 से 2.50 लाख लाभ प्राप्त हुआ तथा कृषक चुलेश्वर पटेल ने बताया कि आधुनिक तकनीक ड्रीप प्रतिस्थापन कर अदरक की खेती से प्रति हेक्टेयर 8 टन उत्पादन लिया गया है एवं अन्य कृषकों के द्वारा ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर मिर्च, भिण्डी की खेती से प्राप्त लाभ से अवगत कराया गया।



गांव-गांव तक विकास पहुंचाना भाजपा का संकल्प

शिवरतन ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दतरेंगी में मंगलवार को विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने शिवरतन शर्मा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास। हमारा संकल्प है कि भाटापारा विधानसभा के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुँचे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचे। दतरेंगी का यह विकास उसी संकल्प का परिणाम है। शिवरतन शर्मा ने कहा की समाज के भवन बनने से हमारे सामाजिक बंधन और मजबूत होंगे। स्कूल में अतिरिक्त कक्ष और बाउंड्रीवाल बनने से हमारे बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। हमारी कोशिश है कि गांव के बच्चों को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े और गांव में ही सभी सुविधाएं मिलें। वैसे ही माँ महामाया मंदिर में रंगमंच बनने से हमारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को एक अच्छा मंच मिलेगा और हमारी परंपरा आगे बढ़ेगी। सीसी रोड बनने से आवागमन में सुविधा होगी। यह सारे काम आप सबकी मांग पर स्वीकृत हुए हैं। हमने हमेशा कोशिश की है कि जो काम जरूरी है, उसे प्राथमिकता से कराया जाए। शासन की योजनाएं गांव तक पहुंचे, इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। दतरेंगी सहित पूरे भाटापारा क्षेत्र में विकास के लिए आगे भी इसी तरह कार्य होते रहेंगे।



इन 7 प्रमुख कार्यों की मिली सौगात

ग्राम पंचायत दतरेंगी में कुल 7 महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया जिसमें साहू समाज सामुदायिक भवन, सीएसी भवन, जायसवाल समाज सामुदायिक भवन निर्माण, मां महामाया मंदिर परिसर में भव्य रंगमंच निर्माण, सीसी रोड निर्माण, शासकीय हाईस्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण,हाईस्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल एवं अहाता निर्माण, इस गरिमामय अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, पवन वर्मा, प्रदीप अनंत, झाला राम साहू, कमलेश साहू, खुमान वर्मा, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू,बहोरीक यदु, सुरेश वर्मा, प्रमोद निषाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मेहनत और अनुशासन से ही मिलेगी सफलता: डॉ. टहिलियानी, विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में मंगलवार को डॉक्टर बलराम उद्धवदास टहिलियानी प्रतिभा सम्मान परिवार की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तिल्दा-नेवरा अंचल की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 और हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान परिवार ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं को मोमेंटो, 500 रुपये नगद, प्रमाण पत्र और पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं तिल्दा-नेवरा नगर पालिका की पार्षद रानी सौरभ जैन ने भी विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

नेवरा स्कूल में डॉ. बलराम टहिलियानी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित





मेहनत और सकारात्मक सोच से लक्ष्य हासिल करें

गीता मर्मज्ञ डॉ. बलराम उद्धवदास टहिलियानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में महापुरुषों से प्रेरणा लेकर सकारात्मक सोच के साथ निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी, सत्यता और अनुशासन को अपनाते हुए अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने और अच्छे नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने अपने गुरुजनों खोरबहरा राम वर्मा, खूबी राम वर्मा और गंगाधर झा सहित अपने माता-पिता को याद करते हुए कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसमें उनके गुरुजनों, माता-पिता और सहपाठियों के आशीर्वाद का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने विद्यार्थियों को भी अपने बड़ों और गुरुजनों से प्रेरणा लेकर लगातार आगे बढ़ने की सीख दी। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों के माता-पिता, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य वासुदेव साहू, राजेंद्र बंजारे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त योग शिक्षक केंद्र प्रसाद वर्मा ने किया। अंत में संस्था के प्राचार्य राजेश चंदानी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

सिंधी समाज के अध्यक्ष शमनलाल खूबचंदानी समाजसेवी हीरानंद हरीरामानी की उपस्थिति मेंआयोजित समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रतिभा सम्मान परिवार के प्रेरणास्रोत डॉ. बलराम उद्धवदास टहिलियानी, उनकी पत्नी विद्या टहिलियानी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखेश्वर जाहिरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सम्मानित विद्यार्थियों अंकित झा, विनायक अग्रवाल और यश बघेल ने कहा कि मंच पर सम्मान मिलने से उनका मनोबल बढ़ा है। उन्होंने डॉ. बलराम टहिलियानी की पहल और सोच के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर वे अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर शमनलाल खूबचंदानी ने डॉ. बलराम टहिलियानी के साथ विद्यालय में बिताए दिनों को याद किया।

खबर संक्षेप



विनायक सिटी में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ

रायपुर। विनायक सिटी भाठागांव में 1 से 8 सितंबर तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक डॉ. आचार्य यशवंत शर्मा महाराज (चंगोराभाठा रायपुर वाले) ने श्रीमद भागवत कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। धार्मिक आयोजन की शुरुआत 1 सितंबर को कलश यात्रा, गोपी पूजन एवं उद्घाटन कार्यक्रम के साथ हुई। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का श्रद्धापूर्वक वाचन एवं प्रवचन किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा श्रवण के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ आसपास के नागरिक भी पहुंच रहे हैं। यह आयोजन विनायक सिटी के राकेश पांडे एवं राजकरण पांडे परिवार द्वारा कराया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने तथा धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है।



रक्तदान शिविर में किया 250 यूनिट ब्लड संग्रहित

रायपुर। सामाजिक संस्था प्रमा फाउंडेशन एवं लक्ष्मी मेडिकोज द्वारा रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मेनरोड धरसींवा में लक्ष्मी मेडिकोज के सामने किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 250 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा, राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, दुर्गेश वर्मा (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, धरसींवा), पूजा अश्वनी वर्मा (जनपद सदस्य, धरसींवा) साहिल खान (सरपंच, धरसींवा) उपस्थित रहे। संस्था की ओर से नयन वर्मा, गुंजन सिंह, मनीष धुरंधर, राजकुमार मिश्रा, दुर्गेश निषाद, सौरभ सेन, सूरज जाना, भूपेंद्र नायक, धर्मेंद्र चौरसिया, हेमलता मोंगरे, गुलशन वर्मा, चेतन सिंह, मयंक शर्मा, केशव पटनायक, अविनाशी पाण्डेय, प्रवेश पाण्डेय, विवेक कुमार साहू, भरत कामड़े, संदीप साहू उपस्थित रहे।

सिकलसेल मरीजों के बेहतर इलाज के लिए रणनीति बनाने हुई बैठक

रायपुर। सिकलसेल की रोकथाम और मरीजों को बेहतर एवं सतत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को रायपुर में राज्यस्तरीय परामर्श आयोजित किया। सिकलसेल से सर्वाधिक प्रभावित 11 जिलों के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेजों, यूनिसेफ, विभिन्न विभागों, संस्थाओं और निजी चिकित्सकों ने इसमें भाग लेकर प्रदेश में सिकलसेल देखभाल व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर मंथन किया। परामर्श में स्क्रीनिंग से लेकर उपचार, उपचार अनुपालन, रेफरल, शोध और सामाजिक सुरक्षा तक पूरी व्यवस्था की समीक्षा की गई। विशेषज्ञों ने विशेष रूप से बच्चों के लिए विशेषज्ञ सेवाओं और मेडिकल कॉलेजों के माध्यम से बेहतर रेफरल व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम : कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

कौशल विकास शोध आधारित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए वरदान : बरगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय सिमगा में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नव प्रवेशी छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात समस्त नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस बीच समस्त शिक्षकों का नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं से परिचय कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकुंद रजक जन भागीदारी समिति अध्यक्ष, प्रशांत देवांगन जन भागीदारी समिति सदस्य, हितेश विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व छात्र अभिषेक शर्मा पूर्व छात्र उपस्थित थे। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. बीरू लाल बरगाह ने गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए सफलता हेतु कठिन परिश्रम के महत्व को बताया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख उद्देश्यों में कौशल विकास शोध आधारित पाठ्यक्रम का महत्व बताते हुए सर्वांगीण विकास के लिए इसे विद्यार्थियों के लिए वरदान कहा गया। मुख्य अतिथि मुकुंद रजक ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए परिश्रम करने की प्रेरणा दी। अंत में अर्चना कुजूर सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हरीश साहू एवं बसंत प्रधान द्वारा किया गया।





एनईपी ब्रांड एंबेसडरों की शपथ और मार्गदर्शन

अभिषेक शर्मा ने प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से महाविद्यालय की निरंतर प्रगति की प्रशंसा की। इस दौरान प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ब्रांड एम्बेसडरों को शपथ दिलाया गया। साथ ही पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा नीति ब्रांड एंबेसडर सूरज दास पाटले को उपहार से सम्मानित किया गया। आशीष कुमार यादव सहायक प्राध्यापक इतिहास द्वारा पुरानी शिक्षा नीति 1986 की चर्चा करते हुए तेजी से बदलते समय एवं की मांग पर वर्तमान में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की महत्ता बताई गई। एबीसी आईडी एवं अपार आईडी में अंतर बताया गया ग्रेडिंग सिस्टम पर प्रकाश डाला गया। डॉ. हरीश साहू के द्वारा संकायवार विषय चयन एवं विषय विशेषज्ञों की जानकारी दी गई। विकास कुमार सिंह रात्रे सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित समस्या पूछ कर उनका त्वरित या कक्षाओं में निदान करने का आश्वासन दिया गया।

एसबीआई आरसेटी द्वारा पशु सखी प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलौदाबाजार में 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सोमवार को प्रशिक्षार्थी पशु सखी दीदियों को उनके कार्य से संबंधित आवश्यक टूल किट का वितरण किया गया। टूलकिट का वितरण लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिव कुमार कंवर द्वारा, एसबीआई आरसेटी बलौदाबाजार के निदेशक बैजनाथ कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। वितरित टूलकिट में पशु सखी के कार्यों एवं पशुपालन संबंधी गतिविधियों में उपयोगी आवश्यक सामग्री एवं उपकरण शामिल हैं, जिससे पशु सखी दीदियों को अपने कार्यों के बेहतर संचालन में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर एलडीएम शिव कुमार कंवर ने पशु सखी दीदियों को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि पशु सखी ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं पशुपालन क्षेत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आरसेटी निदेशक बैजनाथ कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान और आवश्यक उपकरण उपलब्ध होने से पशु सखी दीदियां अपने कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संपादित कर सकेंगी। कार्यक्रम में पशु सखी के मास्टर ट्रेनर डॉ. चंदन कुर्रे, आरसेटी फैकल्टी विक्टर कोसरिया, अमिश यादव, अरुण कुमार, अमित कुमार एवं संस्थान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

15वें वित्त आयोग से मिल रही है राशि

364 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 67 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 100 नगरीय निकायों में संचालित 364 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लिए 67 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। यह राशि 15वें वित्त आयोग के तहत दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों की सामान्य जानकारी एवं रोगों के घरेलू उपचार तथा औषधियों की जानकारी प्रदान करने में बेहद मददगार साबित हो रहे हैं । इसके अंतर्गत संपूर्ण 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे मरीजों को लगातार लाभ मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जनसामान्य को दैनिक योगाभ्यास हेतु प्रेरणा एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, ताकि मरीज शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहें।



साल में 1.38 करोड़ का इलाज

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा निरंतर मरीजों का इलाज किया जा रहा है एवं उनकी देखभाल की जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल से लोगों को लगातार लाभ भी मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सालाना 1 करोड़ 38 लाख ओपीडी और मासिक 3 लाख एनसीडी मरीजों का इलाज हो रहा है, जो अपनी सफलता की कहानी स्वयं बयां करता है।आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली मुख्य 12 स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन तथा तीव्र साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए बाह्य रोगी देखभाल शामिल हैं।

पुलिस से भिड़े आप कार्यकर्ता, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर रोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को लचर शिक्षा व्यवस्था, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, विफल गौधाम योजना और खराब सड़कें सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हो गई। इसमें उन्हें हल्की चोटें भी आई हैं। कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम नलघर चौक में धरना दिया। इसके बाद वे ज्ञापन सौंपने आगे बढ़े। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोका। इसके बाद धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं को रोकने के दौरान तनातनी में कई कार्यकर्ताओं के कपड़े भी फट गए। हालांकि गंभीर चोटें कार्यकर्ताओं को नहीं आईं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कुछ दिनों पूर्व ही अपने पद से इस्तीफा दिया है। उनका आरोप था कि दिल्ली से नियुक्त किए गए प्रभारी प्रदेश कार्यकर्ताओं के विचारों को अधिक अहमियत नहीं देते हैं। उनके इस्तीफे के बाद यह पहला बड़ा प्रदर्शन है, जो प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व में हुई।

ये हैं सात सूत्रीय मांगें

आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूलों की बदहाली, शिक्षकों की कमी और गिरते शैक्षणिक स्तर में तुरंत सुधार, अस्पतालों में डॉक्टरों, आवश्यक दवाइयों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को दूर करने, गौधाम योजना के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करने, राज्य की जर्जर और गड्ढायुक्त सड़कों की तत्काल मरम्मत, किसानों को खाद-बीज की सरलता से उपलब्ध कराने, बिजली के बढ़े हुए दाम वापस लेने तथा प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की मांग की है।

पलारी विकास योजना प्रारूप का प्रकाशन...



पलारी। कसडोल विधायक संदीप साहू ने सोमवार को पलारी विकास योजना (प्रारूप) 2041 के प्रकाशन का फीता काटकर शुभारंभ किया। पलारी विकास योजना में पलारी सहित कुल 11 ग्रामों को शामिल किया गया है। विधायक श्री साहू ने पलारी विकास योजना के महत्व को बताते हुए आम जनता से अपील किया कि मानचित्र का अवलोकन कर आपत्ति सुझाव दर्ज करा सकते है। 2041 तक 60 हजार जनसंख्या को आधार मानकर विकास योजना तैयार किया गया है जिसमें आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक पीएसपी एवं अन्य उपयोग के लिए भूमि आरक्षित की गई है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष बंटी वर्मा, उप संचालक बीएल बांधे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज बंजारा एवं गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का आदेश

विकास योजनाओं के लिए आरक्षित होगा 'लैंड बैंक' निजी एजेंसियों को जमीन देने पर सख्त पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने वन भूमि व्यपवर्तन (एफसीए) मामलों में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि राज्य की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के लिए राजस्व क्षेत्र और 'छोटे-बड़े झाड़ जंगल' की भूमि को प्राथमिकता से सुरक्षित रखा जाए।

■ कलेक्टर निजी एजेंसियों को दे रहे हैं एनओसी, जताई नाराजगी

अब भविष्य में इन जमीनों को बिना शासन की अनुमति के निजी एजेंसियों को नहीं सौंपा जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रदेश के सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों को एक अहम आदेश जारी किया है । इसके तहत वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत आने वाले मामलों में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के लिए एक व्यापक 'लैंड बैंक' स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।

कलेक्टरों की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी

आदेश में कहा गया है कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया था कि कुछ जिलों में कलेक्टरों द्वारा राजस्व विभाग के नियंत्रण वाले 'छोटे-बड़े झाड़ जंगल' मद की भूमि निजी एजेंसियों के एफसीए मामलों के लिए वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु अनापत्ति दी जा रही है ।

शासन के नए निर्देश

राजस्व विभाग के नियंत्रण वाली राजस्व भूमि और 'छोटे-बड़े झाड़ जंगल' मद की जमीन को अब राज्य की विकास योजनाओं के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। निजी एजेंसियों पर रोक- भविष्य में इन क्षेत्रों को निजी एजेंसियों के वन संरक्षण अधिनियम प्रकरणों के लिए वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु अनापत्ति नहीं दी जाएगी। यदि किसी विशेष परिस्थिति में निजी एजेंसियों को ऐसी भूमि देना आवश्यक हो, तो इसके लिए शासन स्तर से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

क्यों पड़ी लैंड बैंक की जरूरत?

राज्य में सड़क निर्माण, अस्पताल, छात्रावास, प्रधानमंत्री जनमन योजना , विद्युत, सिंचाई, स्कूल और चेकपोस्ट जैसी कई महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी और बुनियादी विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं। इन प्रस्तावों के तहत जब वन भूमि का व्यपवर्तन होता है, तो उसके एवज में वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिए भूमि की आवश्यकता होती है। मौजूदा स्थिति यह है कि वन विभाग के नियंत्रण वाले प्रबंधित दुगुने बिगड़े वन क्षेत्र को भारत सरकार द्वारा वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिए कई मामलों में मान्य नहीं किया जाता। ऐसे में वैकल्पिक वृक्षारोपण क्षेत्र के अभाव में राज्य की कई महत्वपूर्ण और जनहितैषी विकास योजनाएं लंबित रह जाती हैं।

स्वाइन फ्लू के रायपुर 108 केस सौ ठीक हो चुके

रायपुर। जिले में स्वाइन फ्लू ने शतक पार कर दिया है। सोमवार को सामने आए आठ नए केस के बाद कुल संख्या 108 हो चुकी है जिसमें से 100 ठीक हो चुके है। प्रदेश में इस संक्रमण से ग्रसित मरीजों की संख्या 251 हो चुकी है और तीन से पांच दिन की होम आईसोलेशन की अवधि पूरी करने के बाद 160 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

पेज 9 के शेष

व्यावहारिक गतिविधियों से...

की भी सराहना की। मंत्री ने कहा कि पारंपरिक पढ़ाई के साथ बच्चों को व्यावसायिक और जीवनोपयोगी कौशलों से जोड़ना समय की आवश्यकता है।कार्यक्रम में शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने 'स्टूडेंट स्टोर' की गतिविधियों की जानकारी अतिथियों को दी।

बंगोली-मुरा मार्ग ...

के बाद पी डब्ल्यू डी द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए डब्ल्यू बी एम डालकर सड़क की रिपेयरिंग कराई गई, जिससे फिलहाल मार्ग पर आवागमन में राहत मिली है। डब्ल्यू बी एम रिपेयरिंग के बाद सड़क की मजबूती और स्थायित्व के लिए आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण एवं स्थायी जीर्णोद्धार कार्य भी कराया जाना चाहिए।

खबर संक्षेप



सड़क से हटाए अवैध कब्जे गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन 7 की टीम ने सोमवार को जीई रोड के विवेकानंद आश्रम से अनुपम गार्डन मार्ग तक सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय करने, अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने और गंदगी फैलाने की शिकायत का स्थल निरीक्षण कर शिकायत सही मिलने पर ई-जुर्माना किया। 13 दुकानदारों पर 72 हजार रुपए का ई-जुर्माना कर दुकान संचालकों को दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। औचक निरीक्षण के दौरान सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय करना पाया गया। यही नहीं जगह-जगह अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाया गया था, जिसे हटाया गया। जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के मार्गदर्शन में जनशिकायतों पर संज्ञान लेते हुए शिकायत का निराकरण किया गया।

छबलानी को एक साल के लिए संविदा नियुक्ति

रायपुर । भारतीय दूरसंचार सेवा के रिटायर्ड अधिकारी विजय कुमार छबलानी को एक साल के लिए संविदा नियुक्ति दी गई है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है। श्री छबलानी दूरसंचार विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में सेवाएं देने के बाद रिटायर हुए हैं। आदेश में कहा गया है कि श्री छबलानी को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से विशेष कतर्व्यस्थ अधिकारी के रूप में संविदा नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (चिप्स) में पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री छबलानी पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन के उद्योग विभाग में सेवाएं दे चुके हैं। राज्य की नौकरशाही में उन्हें कर्मठ अधिकारी के रूप में जाना जाता है।

पुलिस बल का फिट रहना कार्यक्षमता के लिए जरूरी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन बलौदाबाजार के कम्युनिटी हॉल में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय की पहल पर आयोजित शिविर का उद्देश्य पुलिस बल के शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बेहतर बनाना तथा ड्यूटी के दौरान होने वाली शारीरिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित शिविर में विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मुक्तानंद साहू, डॉ. विशाखा जोशी और डॉ. राजकुमार साहू ने पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की। फिजियोथेरेपिस्ट सहायक हरिशंकर सिंह और पायल वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी सेवाएं दीं। शिविर में कमर, गर्दन एवं जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव तथा ड्यूटी के दौरान होने वाले शारीरिक तनाव से जुड़ी समस्याओं की जांच की गई। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ कार्यक्षमता बनाए रखने में भी सहायक हैं। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिजनों ने पहुंचकर जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया।

पुलिस लाइन में अधिकारियों-कर्मचारियों व परिजनों की हुई जांच





विशेषज्ञों ने दी दर्द से राहत की थैरेपी

विशेषज्ञों ने दर्द से राहत और भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचाव के लिए आवश्यक फिजियोथेरेपी एक्सरसाइज, स्ट्रेचिंग, सही पोश्चर और बेहतर मूवमेंट की जानकारी दी। साथ ही मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं से बचाव के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव के संबंध में व्यावहारिक सुझाव दिए गए। एसपी गौरव राय ने कहा कि पुलिसकर्मियों का कार्य शारीरिक मेहनत और मानसिक तनाव से जुड़ा होता है। ऐसे में पुलिस बल का स्वस्थ और फिट रहना बेहद जरूरी है।

कलेक्टर ने सभी दिव्यांगों की सूची तैयार कर शिविर का लाभ दिलाने के निर्देश दिए

21 से 25 सितंबर तक लगेंगे दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग के लिए अब रायपुर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिले में आगामी 21 से 25 सितंबर तक सभी विकासखंड मुख्यालयों में निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में एलिम्को रायपुर की टीम द्वारा दिव्यांग जनों के कृत्रिम अंग चिन्हांकन एवं माप लिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य सहायक उपकरण वितरित किये जाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में शिविर की तैयारी के लिए विस्तृत समीक्षा की और एसडीएम, जनपद सीईओ को अनुभाग अंतर्गत निवासरत सभी दिव्यांगजनों की सूची तैयार कर शिविर का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र या राशन कार्ड एवं 2 फोटो लाना होगा। उन्होंने आवश्यकता अनुसार दिव्यांगजनों के फोटो के लिए फोटोग्राफर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। तकनीकी स्वीकृति के अनुसार ही निर्माण हो। गुणवत्ता मे शिकायत या कमी पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी या एजेंसी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी।



एनएच 130 बी के चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने के निर्देश

उन्होंने एनएच 130 बी के चौड़ीकरण के लिए सर्वे कार्य मे तेजी लाने एवं अतिक्रमण हटाने सघन अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले सड़क के दोनों ओर जहां तक जमीन की आवश्यकता है चुना मार्किंग कराएं और अतिक्रमण करने वाले को सामान हटाने की सूचना दें। लोगों को स्व स्फूर्त अतिक्रमण हटाने प्रोत्साहित करें। इस दौरान ई -ऑफिस, सीएम हेल्पलाइन, लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन, डिजिटल किसान किताब, सेवा सेतु पोर्टल,न्यायालयीन प्रकरण आदि की समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर, एसडीएम अरविन्द कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जितेन्द्र गिरि को मिला काव्य कलश शिक्षक रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली में पदस्थ सहायक शिक्षक (विज्ञान) जीतेन्द्र गिरि गोस्वामी 'जीत' को शिक्षा, नवाचार, पर्यावरण एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'काव्य कलश शिक्षक रत्न सम्मान 2026' से उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच, खरसिया द्वारा 6 सितंबर को गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बृजभूषण द्विवेदी, कुलपति, जगरानी देवी विश्वविद्यालय, बाराद्वार, सक्ती रहे। शिक्षक गोस्वामी ने शिक्षा से दूर हो रहे बच्चों को घर-घर संपर्क के माध्यम से विद्यालय से जोड़ने के साथ गतिविधिपरक एवं आनंदमय शिक्षण को बढ़ावा दिया। 'कबाड़ से जुगाड़', खेल-खेल में अधिगम, डिजिटल संसाधनों के उपयोग तथा बैगलेस डे जैसी नवाचारी गतिविधियों को उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया से जोड़ा। पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम', 'एक पेड़ शिक्षक के नाम', 'एक गमला शहीदों के नाम' और 'एक बच्चा एक पौधा' जैसे अभियानों के माध्यम से बच्चों को प्रकृति एवं पौधों की देखभाल से जोड़ा। पालक संवाद, जनजागरूकता और सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय सहभागिता रही है। शिक्षण के साथ साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय गोस्वामी की कविताएं, गीत एवं लघुकथाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, ई-पत्रिकाओं और साझा संकलनों में प्रकाशित हुई हैं। 35 से अधिक पुस्तकों तथा 50 से अधिक ई-पत्रिकाओं एवं साझा संकलनों में उनकी रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 75 शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शिक्षक दिवस के अवसर पर श्री सीमेंट की सीएसआर इकाई श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 5 सितंबर को 'विद्या उपासक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रभावित क्षेत्र के भरुवाडीह, सेम्हराडीह, खपराडीह, चंडी और करही गांवों के 75 शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र, मेडल, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम इकाई प्रमुख दीपेन्द्र भारद्वाज एवं मानव संसाधन प्रमुख देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। शुभारंभ मां सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। श्री बांगर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

मेडिकल ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार एवं पारस गुप्ता ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार, सोच और भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि श्री सीमेंट क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में जोबनजीत सिंह, साक्षी सिन्हा सहित मुकेश देवांगन, शंकर दास, वीरेंद्र बघेल, सुमन वर्मा एवं दीपक वर्मा का सहयोग रहा।








खबर संक्षेप

ओमिका यदु का एमबीबीएस में चयन

पलारी। बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत वटगन निवासी ओमिका यदु ने अपनी मेहनत और लगन से परिवार सहित क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।



ओमिका का एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयनित हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। ओमिका बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती ओमिका ने अपने लक्ष्य को लेकर लगातार प्रयास किया। चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाने के सपने को साकार करते हुए अब वह डॉक्टर बनने की दिशा में अपने कदम बढ़ा रही हैं। ओमिका के पिता उमेश यदु, सदस्य जनपद पंचायत पलारी हैं, जबकि माता महेश्वरी यदु शिक्षिका हैं। माता-पिता ने बेटी की शिक्षा और उसके सपनों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।

ऋतुराज साहू को पीएचडी की उपाधि

कसडोल। नगर पंचायत कसडोल निवासी ऋतुराज साहू को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने भाषाविज्ञान विषय में पीएचडी (विद्या वाचस्पति) की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने डॉ. परदेशीराम वर्मा के उपन्यासों का छत्तीसगढ़ी भाषा के विशेष संदर्भ में समाजभाषावैज्ञानिक अध्ययन विषय पर शोध किया। शोधकार्य डॉ. गिरजा शंकर गौतम के निर्देशन में पूर्ण हुआ। ऋतुराज विश्वविद्यालय फेलोशिप प्राप्त कर चुके हैं तथा एम.फिल. भाषाविज्ञान में गोल्ड मेडल हासिल किया है। वे साहित्य-संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय हैं और 'हमर संस्कृति' तथा 'धरम के गढ़ छत्तीसगढ़' पुस्तकें लिख चुके हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा को स्कूली पाठ्यक्रम, शासकीय कामकाज और आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिए भी वे लंबे समय से प्रयासरत हैं।



साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण





रायपुर। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ने तथा उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 140 घंटे के साइबर और एआई वर्कफोर्स प्रोग्राम के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर कार्यालय में बैठक हुई। इसमें एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा जिले के पात्र अंतिम वर्ष के लगभग 5 हजार विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं एआई जैसी उभरती तकनीकों में दक्ष बनाने के लिए ऐसे रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समन्वय एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शरत चंद शुक्ला सहित संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य, अधिकारी उपस्थित रहे।

निधन

राहुल मिश्रा



बलौदाबाजार। नगर के बजरंग चौक, मुख्य मार्ग निवासी राहुल मिश्रा का निधन 8 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 9 सितंबर को सुबह 9 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी। स्थानीय रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे श्री राजेश मिश्रा के सुपुत्र तथा नगरपालिका में कार्यरत रजनीश मिश्रा के ज्येष्ठ भ्राता थे।

नागरिकों को शिक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

साक्षरता दिवस पर जिलेभर में चला विशेष विधिक जागरूकता अभियान

विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार की ओर से मंगलवार को विशेष विधिक जागरूकता एवं साक्षरता अभियान चलाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन तथा प्राधिकरण के सचिव आलोक पाण्डेय के निर्देशन में जिलेभर में पैरालीगल वालंटियर्स ने अभियान संचालित किया।

प्राधिकरण के सचिव आलोक पाण्डेय ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले सभी पैरालीगल वालंटियर्स के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्व साक्षरता दिवस का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना है।

साक्षरता केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं, बल्कि मानव विकास, गरिमा और अधिकारों की पहचान का सशक्त माध्यम है। शिक्षा के बिना सभ्य और न्यायप्रिय समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान समाज को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।



शिक्षा को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम बताया

अभियान के तहत पैरालीगल वालंटियर्स ने विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों, शासकीय स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान शिक्षा के अधिकार के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। वालंटियर्स ने लोगों को साक्षरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ अपने मूलभूत कानूनी अधिकारों की जानकारी रखने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के साथ आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मांग : त्योहारों पर बढ़ा आर्थिक संकट, बीईओ को सौंपा ज्ञापन

तीन माह से मानदेय के लिए भटक रहे स्कूल सफाई कर्मचारी,11 से हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ, ब्लॉक इकाई कसडोल ने जून, जुलाई और अगस्त माह का लंबित मानदेय तत्काल जारी करने की मांग को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में बताया गया कि अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह 3,400 रुपये मानदेय दिया जाता है। शासन के आदेश के अनुसार प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच मानदेय दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन 7 सितंबर 2026 तक तीन माह का मानदेय कर्मचारियों को नहीं मिला है। संघ का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है, बावजूद इसके भुगतान नहीं किया गया। कर्मचारियों ने बताया कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर भी मानदेय नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। उस समय विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर मानदेय दिए जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भुगतान नहीं हो सका। अब तीजा-पोरा का त्योहार भी नजदीक है, जिससे कर्मचारियों की चिंता और बढ़ गई है।



त्योहारों पर बढ़ा आर्थिक संकट

संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जून, जुलाई और अगस्त माह का लंबित मानदेय 10 सितंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से कर्मचारियों के खातों में जमा किया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित तिथि तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो 11 सितंबर 2026 से कसडोल ब्लॉक के सभी अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी काम बंद कर हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि वे स्कूलों में नियमित रूप से साफ-सफाई का कार्य करते हैं। समय पर मानदेय नहीं मिलने से उनके परिवार के रोजमर्रा के खर्च, बच्चों की पढ़ाई और त्योहारों की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। संघ ने शिक्षा विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द लंबित मानदेय जारी करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर बलौदाबाजार, जिला शिक्षा अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल एवं तहसीलदार कसडोल को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

रासेयो के नवप्रवेशित स्वयंसेवकों का अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा नवप्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए रासेयो उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं सामाजिक दायित्वों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आरके साहू ने स्वयंसेवकों को रासेयो डायरी और बैच प्रदान कर गुलाल से अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में रासेयो के माध्यम से समाजसेवा, अनुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। 'नौजवान आओ रे नौजवान गाओ रे' प्रेरणा गीत गाकर स्वयं सेवकों में ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बाल्मीकि साहू ने रासेयो की विभिन्न गतिविधियों एवं स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. कोमल बंजारे एवं विष्णु गिरी सहित रासेयो के नवस्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वयंसेवकों को समाजहित एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

पीएम श्री स्कूल खरोरा में बाल संसद की मासिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से मिडिल स्कूल बाल संसद की पहली मासिक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में छात्र-छात्राओं ने सांसदों की तरह विद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उनके समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रजनी मिंज द्वारा बाल संसद के निर्वाचित प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर किया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। बाल संसद के प्रधानमंत्री दुर्गेश नायक (कक्षा 8वीं) एवं उप प्रधानमंत्री लव कोसले (कक्षा 8वीं) के नेतृत्व में स्वच्छता, अनुशासन, जल संरक्षण, शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यालयीन गतिविधियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रत्येक मंत्री ने अपने विभाग की जिम्मेदारियों को समझते हुए आगामी माह की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की। बाल संसद में स्वच्छता मंत्री भावना देशमुख, अनुशासन मंत्री अवनी देवांगन, पुस्तकालय मंत्री धनराज साहू, वित्त मंत्री सुरभि सोनू कौशिक, खेल मंत्री होशिल चौहान, पर्यावरण मंत्री हर्षवर्धन वर्मा, शिक्षा मंत्री वैष्णवी देवांगन तथा सांस्कृतिक मंत्री साधना दास को उनके विभागीय दायित्व सौंपे गए। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि बाल संसद का उद्देश्य बच्चों में लोकतंत्र, नेतृत्व, उत्तरदायित्व एवं सहभागिता की भावना विकसित करना है, जिससे वे भविष्य के जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर शिक्षक निशिता दीक्षित, शेष शेखर शर्मा, आँचल कसार, सना करीम, योगिता देवांगन, जस्मी जोस एवं अनिल साहू सहित विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

देवेश पाण्डेय बने राष्ट्रीय सनातन सेवा के संरक्षक

भाटापारा। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेश पाण्डेय को राष्ट्रीय सनातन सेवा छत्तीसगढ़ का वरिष्ठ संरक्षक छत्तीसगढ़ के पद पर नियुक्त किया गया है। अपनी के बाद पाण्डेय ने कहा धर्मो रक्षति रक्षतिः, सनातन ही संस्कृति है सनातन ही शक्ति है वे सनातन धर्म को और अधिक मजबूत करने की दिशा मे कार्य करेंगे उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



नेत्रदान पखवाड़ा में 50 लोगों ने लिया नेत्रदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा में नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। 41 वा राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम 2026 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एंव जिला अंधत्व नोडल अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी जिला बलौदा बाजार भाटापारा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र महेश्वरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा महेश्वरी सिविल हॉस्पिटल भाटापारा के मार्गनिर्देशन में, 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भाटापारा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी स्वास्थ्य केंद्रों में नेत्र परीक्षण, चश्मा जांच, मोतियाबिंद की जांच एवं नेत्र सम्बंधित मोबारीयों का उपचार किया गया एवं विभिन्न स्कूलों में छात्र- छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर दृष्टि दोष पाए गये बच्चों को निःशुल्क चश्मा प्रदाय के लिए चिन्हित किया गया ताकि दृष्टि दोष में सुधार हो सके बच्चे स्पष्ट देख सके।



नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान 12 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन किया गया। 148 लोगों का चश्मा जाँच किया गया, तथा 50 लोगों ने नेत्रदान घोषणा पत्र भरकर नेत्रदान करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के दौरान नेत्रदांता रोहणी वर्मा जरहागांव भाटापारा के परिवार को नेत्रदान प्रसस्ती प्रणाम पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी, शारीक हैदरी, वंदना प्रसाद, पद्मिनी सिंगरोल एवं समस्त स्टाप उपस्थित थे।

चुन्नीलाल ध्रुव के प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर भाटापारा मंडी में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ मंडी एवं मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष पद पर चुन्नीलाल ध्रुव सचिव वरिष्ठ के निर्वाचित होने के उपरांत प्रथम आगमन कृषि उपज मंडी भाटापारा में पहुंचने परअधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया इसके अलावा पत्रकार संतोष अग्रवाल, राजेश शर्मा, कृषक कल्याण अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव मनमीत सलूजा, शरदमल, लककी छाबड़ा हुए विदित हो कि इस निर्वाचन में भाटापारा कृषि उपज मंडी में पदस्थ सचिव चुन्नी लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए है उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डॉक्टर मलिक राम पोरते को 151 मतों से पराजित किया। अपनी जीत से प्रफुल्लित ध्रुव ने अपने प्रदेश मंडी के साथियों के हितों में काम करने का विश्वास दिलाते हुए उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।



छत्तीसगढ़ प्रदेश के मंडी बोर्ड एवं मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ का चुनाव रविवार को रायपुर में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष के लिए हुए चतुर्थ कोणीय चुनाव में चुन्नी लाल ध्रुव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को लगभग 151 मतो से पराजित कर प्रदेश अध्यक्ष बने। जानकारी अनुसार ध्रुव को 339 मत मिले,जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी को डॉ. मालिक राम पोर्ते को 188 मत, नन्द कुमार सोनी को 122 व रविशंकर तिवारी को 13 मत मिले। कुल 666 मत पड़े,जिसमें 4 मत निरस्त हुए। इस प्रदेश स्तरीय चुनाव को लेकर काफी समय से सरगर्मी बनी हुई थी और इस चुनाव और उसके परिणाम को लेकर अन्य लोगों में भी काफी उत्सुकता थी। इस बीच भाटापारा कृषि उपज मंडी के मंडी सचिव सीएल ध्रुव के प्रदेश अध्यक्ष बनने की खबर स्थानीय मंडी में आते ही खुशी का माहौल है।

मण्डी ईकाई अध्यक्ष निशा सिंह, प्रफुल्ल कुमार मांझी मंडी निरीक्षक, बालगोविंद कश्यप मंडीनिरीक्षक, मनोहर राव भोसले, मंडी निरीक्षक परशुराम सोनवानी, लेखापाल सत्यनारायण यादव, उपनिरीक्षक श्याम लाल साहू, ओमप्रकाश पाल फणेन्द्र दीवान, डेमनलाल मुरलीमनोहर यादव सहायक ग्रेड 1, नरेंद्र साहू, सहायक ग्रेड 3वीरेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र यदु सहित अनेक कर्मचारियों, व्यापारियों ने श्री ध्रुव को शुभकामना दी है।

कसडोल ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

संगठन की मजबूती और जनसमस्याओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल की मासिक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने की। बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ में क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी पार्टी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए कार्य करती रही है और आगे भी जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगी।



बैठक में योगेश बंजारे, चंदन साहू कोषाध्यक्ष, द्वारका निर्मलकर प्रभारी महामंत्री, प्रकाश सिंह क्षत्रिय प्रभारी सचिव, गायत्री कैवर्त, लक्ष्मी कुर्वशी अध्यक्ष महिला कांग्रेस, लक्ष्मी साहू, जागेश्वर वर्मा मंडल अध्यक्ष, पुनीराम कर्ष, रमेश वैष्णव, खिखराम वर्मा, निरेंद्र क्षत्रिय, अशोक पटेल, मिलन डहरिया, गुड्डा कौशिक, अमृत साहू, कीशन साहू, मुरारी धीवर, महेन्द्र साहू, पुरीराम कोशले, कोदुराम जांगड़े, गंगाराम साहू, रुद्रशंकर कैवर्त, खिलावन डहरिया, चंद्रप्रकाश साहू, चंदन जायसवाल, गोकुल वर्मा, दिलेराम वर्मा, जगाउराम पटेल, जवाहर वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया।

बूथ स्तर पर सक्रियता पर जोर

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भी अपने विचार रखे तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान पार्टी की नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

